# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

सोमवार, 21 अक्तूबर 2019, लखनऊ, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण

www.livehindustan.com

**आपका शुक्रिया**



शाहरुख खान ने बापू की 150वीं वर्षगांठ के मौके पर गांधी के विचारों पर चर्चा के लिए फिल्मी सितारों को बुलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को शुक्रिया कहा है।



### फरीदीपुर गांव के युवक को जेई ने लंबी दूरी का हवाला देकर नहीं दिया था बिजली का कनेक्शन

# कनेक्शन न दिया तो सौर ऊर्जा से घर किया रोशन

**इनसे सीखें**

लखनऊ | सुमित गुप्ता

मोहान रोड निवासी जितेन्द्र कुमार मिश्रा ने तीन साल पहले फरीदीपुर गांव में घर बनवाया था। इसके बाद उन्होंने बिजली कनेक्शन के लिए दुबग्गा उपकेंद्र में आवेदन किया। लेकिन जूनियर इंजीनियर ने लंबी दूरी का हवाला देकर कनेक्शन देने से मना कर दिया। उन्होंने अधिशासी अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता तक कनेक्शन देने के लिए फरियाद लगाई, लेकिन हर तरफ से निराशा हाथ लगी। अंत में थक हारकर उन्होंने घर की छत पर सोलर पैनल लगवा लिया। इससे न सिर्फ पूरा घर एलईडी बल्बों से रोशन हो रहा है, बल्कि बिजली बिल के झंझट से भी निजात मिली।



मोहान रोड स्थित फरीदीपुर निवासी जितेन्द्र कुमार मिश्रा ने घर की छत पर सोलर पैनल लगवा लिया। इससे उनका पूरा घर एलईडी बल्बों से रोशन हो रहा है।

## कनेक्शन के लिए वर्ष 2016 से भटक रहे थे

जितेन्द्र ने बताया कि वर्ष 2016 से बिजली कनेक्शन के लिए भटक रहे हैं, लेकिन आज तक आवेदन स्वीकार नहीं किया गया। उनका कहना है कि बिजली कनेक्शन के अभाव में बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पाती थी। उन्होंने बताया कि सारा दिन काम करके जब शाम को घर लौटता था तो पानी के लिए जूझना पड़ता था। इसके बाद 500 वाट सोलर पैनल लगाने का फैसला किया। इससे घर में पांच एलईडी बल्ब, एक छोटा पंखा चलता है, मोबाइल चार्ज भी हो जाता है। अब न मीटर खराब होने का डर, न बिल जमा करने की झंझट रहती है।